# FORM NO. III

APP-A
Orim-I

~~2021/~~ 2021/2

## फर्द अहकाम

(नियम 26)

जज अदालत न्यायालय अति. जिला कलेक्टर मुकाम झुंझुनू

हर्षवर्धन सिंह/किशोर सिंह नि. पौख उदयपुरवाटी बनाम राजस्थान सरकार

किस्म मुकदमा विविध प्रार्थना पत्र नं. 02 सन् 2021

| तारीख हुक्म | हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज | नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए |
|---|---|---|
| 01/01/2021 | यह स्थानान्तरण प्रार्थना पत्र मय शपथ-पत्र श्री हर्षवर्धन सिंह निवासी पौख द्वारा प्रस्तुत करने पर बाद जांच रिपोर्ट पेश होने पर दर्ज रजिस्टर किया गया। प्रार्थी हर्षवर्धन सिंह को सुना गया। प्रार्थी का कथन है कि अधीनस्थ न्यायालय तहसीलदार उदयपुरवाटी मे उसका मु. नं. 38/2020 अ. धारा 91 LR Act में विचाराधीन है। जिसमें तारीख पेशी 20.1.21 नियत है। प्रार्थी का कथन है कि राजनैतिक दबाव के कारण तहसीलदार उदयपुरवाटी द्वारा प्रार्थी के विरुद्ध धारा 91 LR Act की झूठी कार्यवाही की गई। तहसीलदार उदयपुरवाटी राजनैतिक दबाव में है। प्रार्थी को अधीनस्थ न्यायलय तहसीलदार से न्याय की उम्मीद नहीं है, अतः प्रकरण अन्य न्यायालय में ट्रांसफर करने का निवेदन किया तथा प्रार्थना पत्र के साथ अपना शपथ-पत्र प्रस्तुत किया।<br><br>प्रार्थी को सुना गया। प्रकरण अधीनस्थ न्यायलय में अभी विचाराधीन है। प्रार्थी द्वारा प्रार्थना पत्र में कोई ठोस आधार प्रस्तुत नहीं किया गया कि किसका क्या राजनैतिक दबाव है, सिर्फ मौखिक कथन आंशका पर सिर्फ मौखिक कथन अंकित किये गये है ऐसी स्थिति मे प्रार्थना पत्र के तथ्यों एवं परिस्थितियों देखते हुऐ प्रार्थना-पत्र स्थानांतरण प्रथम द्रष्टया आधार होने के कारण | |

अति. जिला कलेक्टर झुंझुनू

| तारीख हुक्म | हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज | नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए |
|---|---|---|
| | इसी स्टेज पर खारिज किया जाता है आदेश सुनाया गया। प्रार्थना पत्र फैसल शुमार होकर दर्ज नम्बर से कम हो तथा बाद तकमील जाब्ता दाखिल दफ्तर हो। [signature]<br>अति. जिला कलेक्टर<br>झुन्झनू | |